# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 04.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 05, पारिवारिक विवाद 03, मार-पीट से संबंधित 03 तथा शेष 07 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत “मिशन मजनू” के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बैरिहवा की महिलाओं/बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव तथा गुड-बैड टच के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.08.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम बैरिहवा की महिलाओं/बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव तथा गुड-बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

02.का0 अरविन्द

03.रि0म0का0 लक्ष्मी

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नौखानीया की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, मिशन मजनू, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नौखानीया की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन मजनू, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अनिल चौहान

02.म0का0 कालिंदी यादव

03.म0का0 खुशबू सिंह

04.म0का0 विभा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दोपहिया इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना,ओवरस्पीड में चल रहे वाहनों पर होगी प्रभावी कार्यवाही।**

जनपद सिद्धार्थनगर में सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की घटनाओं में कमी लाने तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात कार्यालय को प्राप्त 02 नवीन दोपहिया इंटरसेप्टर वाहनों को आज दिनांक 04 अगस्त, 2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इन दोपहिया इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से जनपद के विभिन्न मार्गों पर ओवरस्पीड से वाहन चलाने वाले चालकों की निगरानी की जाएगी तथा निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी चालान एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराना तथा आमजन में सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव एवं आरक्षी सूरज विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस, सिद्धार्थनगर ने जनपदवासियों से अपील की है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें तथा स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत मिशन मजनू के तहत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 04.08.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन मजनू के तहत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी तथा महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत कठेला गर्वी मे जन चौपाल लगाकर उपस्थित बालक, बालिकाओं को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय के नेतृत्व में आज दिनांक 04.08.2026 को “नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 ”/ मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन मिशन शक्ति कठेला गर्वी टोला पटना थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का “नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान ” उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें लगभग 35 महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन / 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन/ 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर / 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा “नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान ” सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

इस दौरान उ0नि0नागेन्द्र प्रसाद यादव, म0का0 मीरा रानी, म0का0 खुशबू, म0का0 प्रांशी पांडे आदि अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मनोहरपुर की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.08.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मनोहरपुर की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम---**

1.उ0नि0 विशेश्वर प्रसाद

2.का.अशोक वर्मा

3. म. आ. कंचन सिंह

4. रि. म. आ. कुंजन सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरपतिया मे महिलाओं/बालिकाओं को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम पिपरपतिया में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर-**

1 उ0नि0 विनोद यादव

2.म0का0 गीतांजलि कुशवाहा

3.म0क0 सेजल शुक्ला

4.का0 सौरभ कुमार

5.हो0 गा0 संजीव कुमार दूबे

# <u>प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

**◆भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर थाना लोटन पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष हरिओंम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.08.2026 को थाना लोटन के हरिवंशपुर चौकी पुलिस द्वारा एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पिलर संख्या 539 के पास सघन पेट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। स्थानीय लोगों से वार्ता कर सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया।**

आज दिनांक 04.08.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ माननीय न्यायालय द्वारा वांछित अभियुक्त को फरार घोषित करने की उद्घोषणा।**

महिला थाना जनपद सिद्धार्थ नगर पर पंजीकृत मु०अ०सं० 39/25 धरा 85, 115(2), 351(3), 352 बी एनएस व 3/4 डीपी एक्ट तथा 3/4 मुस्लिम महिला का(विवाह पर अधिकारों का सुरक्षा अधिनियम) में वांछित अभियुक्त निजाम अहमद अंसारी पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम करीमपुर बर्डपुर 11 थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 प्रथम सिद्धार्थ नगर  द्वारा अंतर्गत धारा 184 बीएनएनएस  फरार घोषित करने की उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है।

## प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 04.08.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी ।

# प्रेस नोट दिनांक 04.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा  थाना जोगिया उदयपुर पर गठित सीसी टीम, कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (C.P.U.), मिशन शक्ति टीम तथा प्रशिक्षु आरक्षीगण के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।**

आज दिनांक 04.08.2026 को साप्ताहिक समीक्षा के क्रम में शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर गठित सीसी टीम, कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (C.P.U.), मिशन शक्ति टीम तथा प्रशिक्षु आरक्षिगण की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान संबंधित टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए उनके कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा निर्गत निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने, जनसामान्य के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण संबंधी अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।साथ ही प्रशिक्षु आरक्षिगण को पुलिसिंग संबंधी कार्यवाहियों के दौरान अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों एवं निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा व्यवहारिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।
अंत में क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करते हुए आमजन को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया गया।